छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर

(परीक्षार्थी द्वारा काले/नीले बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरा जाए)

<table>
<tr><td>परीक्षा केन्द्र का मोहर</td><td rowspan="2">अनुक्रमांक :-
<table><tr><td>(अंकों में)</td><td></td><td></td><td></td></tr><tr><td>(शब्दों में)</td><td colspan="3"></td></tr></table></td></tr>
<tr><td>(वीक्षक के हस्ताक्षर)</td></tr>
</table>

प्रश्न पत्र में पृष्ठो की संख्याः-	प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या-:	समय-:	अधिकतम अंकः-
17	50	01:00 घंटें	100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-उत्तर-पुस्तिका मिलते ही मुख्य पृष्ठ में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ लें। प्रश्न पुस्तिका में लगी सील को वीक्षक के कहने से पूर्व न खोलें।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, अंको एवं शब्दों में लिखें तथा निर्देश के उपरांत नीचे एवं प्रत्येक पृष्ठ पर दर्शित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें।
3. सील खोलने के बाद सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पुस्तिका में कुल पृष्ठ ऊपर लिखे अनुसार दिए हुए हैं तथा उसमें सभी 50 प्रश्नों का मुद्रण सही है। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर 15 मिनट के भीतर वीक्षक को सूचित कर सही प्रश्न-उत्तर-पुस्तिका प्राप्त करें।
4. प्रश्न पत्र में दिये गये विकल्पों में सही विकल्पों का चुनाव टिक (✓) लगा किया जाना है तथा दिये गये विकल्पों में केवल एक का ही चुनाव किया जाना है । एक से अधिक विकल्पों का चुनाव किये जाने पर या पहले एक विकल्प को टिक (✓) कर बाद में उसे काट कर अथवा व्हाइटनर का प्रयोग कर या मिटा कर दुसरे विकल्प पर टिक (✓) लगाये जाने या अन्य चिन्ह से अंकित किए जाने पर उसकी गणना "गलत" विकल्प के तौर पर की जावेगी। इसकी समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
5. प्रश्न-उत्तर-पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अतिरिक्त कहीं भी कुछ न लिखें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त प्रश्न उत्तर पुस्तिका वीक्षक को सौंपनी है।
7. परीक्षा हाल में मोबाइल अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक गेजेट के साथ प्रवेश अथवा उपयोग निषेधित है।

घोषणा:- मैंने उपरोक्त दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

1. यदि आप सार्वजनिक परिवहन वाहन चलाना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु क्या होनी चाहिए ?

क. 18

ख. 20

ग. 22

घ. 25

2. जब इंजन नहीं चल रहा हो तो इंजन आयल को ______________ में स्टोर किया जाता है ।

क. तेल पैन

ख. सिलेंडर हेड

ग. आयल पंप

घ. पृथल टैंक

3. वाहन में टेकोमीटर मापता है ।

क. गति

ख. दूरी

ग. इंजन आर.पी.एम

घ. इंधन की खपत

4. ऑटोमोबाइल पर टायर रोटेशन का मूल उद्देश्य क्या है?

क. सस्पेंशन को बेहतर बनाना

ख. रगड़ को समान बनाना

ग. प्लाई पृथक्करण से बचना

घ. इनमे से कोई नहीं

5. यदि आप शराब पीकर वाहन चलाते हैं तो आपको ______________ तक कारावास की सजा हो सकती है।

क. छ माह

ख. तीन माह

ग. एक माह

घ. एक वर्ष

6. आप जिस ट्रैफिक लाइट के पास जा रहे हैं वह ठोस पीली दिख रही है। आपको क्या करना चाहिए ?

क. सड़क के दाहिने हाथ की तरफ जाना चाहिए

ख. अपनी वर्तमान गति बनायी रखनी चाहिए

ग. तेज गति से वाहन निकालने का प्रयास करना चाहिए

घ. वाहन को धीमी करके रुकने की तयारी करनी चाहिए

7. निम्नलिखित वाहनों के लिए बाधा मुक्त मार्ग उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।

क. एक्सप्रेस बस

ख. पुलिस के वाहन

ग. इ-रिक्शा

घ. फायर सर्विस वाहन एवं एम्बुलेंस

8. जब आप स्कूल के पास वाहन चला रहे हैं तो आपको क्या करना चाहिए?

क. अपनी गति कम करे

ख. लगातार अपने हॉर्न बजाये

ग. तेजी से क्षेत्र छोड़ने के लिए वाहन की गति बढ़ाये

घ. पूर्ण बीम पर रौशनी चालू करे

9. एक सड़क के बीच में निरंतर पीली लाइन का अर्थ क्या है?

क. ओवरटेकिंग नहीं

ख. ओवरटेकिंग अनिवार्य

ग. पार्किंग नहीं

घ. कोई बायाँ मोड़ नहीं

10. आप रात के समय एक अँधेरी सड़क पर जा रहे हैं, और आप किसी अन्य वाहन को सामने से आते हुए देखते हैं, तो आपको क्या करना चाहिए ?

क. अपने हेड लाइट्स को बंद करे

ख. उच्च बीम हेड लाइट्स को चालू करे

ग. हॉर्न को तेज बजाये

घ. लो बीम हेडलाइट्स को चालू करे

11. निर्धारित गति सीमा को पार करने की अनुमति कब है?

क. किसी भी परिस्थिति में नहीं

ख. ओवरटेकिंग करते समय

ग. सही परिस्थितिओं में

घ. खाली सडकों में

12. फिसलन भरी सड़कों से निपटने के लिए सबसे अच्छी ड्राइविंग तकनीक है ?

क. लगातार ब्रेक लगाना

ख. गियर बदल कर गति बढ़ाना

ग. गियर बदल कर गति कम करना

घ. जितनी जल्दी हो सके पार करे

13. आप यु टर्न करना चाहते हैं, किन्तु चारों ओर बहुत ज्यादा ट्रैफिक है, आपको क्या करना चाहिए ?

क. जितनी जल्दी हो सके मोड़ ले

ख. जितना धीरे धीरे संभव हो मोड़ ले

ग. कम व्यस्त जगह मिलने तक चलाते रहे

घ. दुसरो को रोक कर वाहन मोड़ने का प्रयास करे

14. आप वाहन चालक के रूप में शासकीय उच्च अधिकारी को शासकीय वाहन से आवश्यक कार्य हेतु लेकर जा रहे हैं, मार्ग में कुछ दुरी पर ट्रैफिक सिग्नल लाल होने में अल्प समय शेष है । निर्धारित समय पर गंतव्य पर पहुचने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे ?

क. वाहन की गति तेज कर सिग्नल लाल होने के पूर्व निकलने का प्रयास करेंगे

ख. वाहन की गति कम कर सिग्नल हरा होने तक प्रतीक्षा करेंगे

ग. चूँकि आप शासकीय वाहन चला रहे हैं एवं उच्च अधिकारी वाहन में बैठे हैं, अतः सिग्नल लाल होने के पश्चात भी वाहन चला कर सिग्नल पार करेंगे

घ. सिग्नल पर पहुचने के पूर्व यदि गंतव्य पर पहुचने हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो तो उसका प्रयोग करेंगे

15. आप एक अंधे व्यक्ति को सड़क किनारे लाठी पकडे हुए देखते हैं, आपको क्या करना चाहिए ?

क. जल्दी से उसे पार करने के लिए तेज चलाये

ख. रुक जाये और उसे पार करने दें

ग. अपनी खिड़की से उसे चेतावनी देते हुए चिल्लाये

घ. उससे बचने के लिए सड़क की दूसरी ओर चलें

16. आप अपने वाहन को ढलान की ओर पार्क कर रहे हैं, आपको अपने पहिये कैसे सेट करने चाहिए ?

क. सड़क के अंकुश या किनारे से दूर मोड़ कर

ख. सड़क के अंकुश या किनारे की ओर मोड़ कर

ग. जैसे गाडी रुकी उसी हालत में

घ. ढलान की तरफ

17. जब आप किसी अन्य वाहन से आगे निकलना चाहते हैं, तो आपको निम्न का इंतज़ार करना चाहिए....... ?

क. अगले पड़ाव का

ख. सामने से आने वाले वाहनों के माध्यम से आपको संकेत देने तक

ग. खाली फुटपाथ का

घ. सामने वाले वाहन के ड्राईवर द्वारा आपको संकेत देने तक

18. आप वाहन चालक के रूप में शासकीय उच्च अधिकारी को शासकीय वाहन से आवश्यक कार्य हेतु लेकर जा रहे हैं, मार्ग में ट्रैफिक पुलिस आरक्षक द्वारा आपको रुकने का संकेत दिया जाता है, आप क्या करेंगे ?

क. वाहन को किनारे रोक कर स्वयं एवं अपने अधिकारी का परिचय देंगे

ख. चूँकि वाहन में शासकीय उच्च अधिकारी बैठे हैं अतः बिना रुके वाहन आगे निकाल लेंगे

ग. वाहन के हार्न को तेज गति से बजायेंगे

घ. वाहन को अन्य दिशा में मोड़ लेंगे

19. वाहन को रोकने का सुरक्षित तरीका क्या है ?

क. पहले क्लच और फिर ब्रेक दबाये

ख. पहले ब्रेक और फिर क्लच दबाये

ग. एक बार में ब्रेक और क्लच दोनों दबाये

घ. इनमे से कोई नहीं

20. कार की बैटरी को भरने के लिए किस का प्रयोग किया जाता है ?

क. अम्ल

ख. शुद्ध/ चुलाया हुआ जल

ग. शराब

घ. इनमे से कोई नहीं

21. NHAI का पूर्ण रूप क्या है ?

क. राष्ट्रीय हिलवेज भारतीय प्राधिकरण

ख. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

ग. अखिल भारतीय राजमार्ग संघ

घ. इनमे से कोई नहीं

22. निम्न यातायात संकेत किसे दर्शाते हैं ?

क. नो पार्किंग

ख. नो एंट्री

ग. प्रतिबन्ध समाप्त

घ. पार्किंग निषेध

23. निम्न यातायात संकेत किसे दर्शाते हैं ?

क. बायें रहिये

ख. बायें मुड़िये

ग. बायां मोड़ निषेध

घ. बायें ओर देखिये

24. निम्न यातायात संकेत किसे दर्शाते हैं ?

क. एक तरफ़ा रास्ता

ख. दोनों तरफ वाहन प्रवेश निषेध

ग. रास्ता दीजिये

घ. प्रवेश निषेध

25. निम्न यातायात संकेत किसे दर्शाते हैं ?

क. धीमे हॉर्न बजाएं

ख. हॉर्न बजाएं

ग. हॉर्न बजाना मना है

घ. इनमे से कोई नहीं

26. निम्न यातायात संकेत किसे दर्शाते हैं ?

क. गोल चक्कर

ख. यु टर्न

ग. रुकना मना है

घ. पार्किंग निषेध

27. निम्न यातायात संकेत किसे दर्शाते हैं ?

क. प्रतिबन्ध समाप्त

ख. प्रतिबन्ध प्रारंभ

ग. यु टर्न प्रतिबंधित

घ. पार्किंग निषेध

28. PUC का अर्थ क्या है ?

क. पोलुशन अंडर कण्ट्रोल

ख. पब्लिक अंडर कण्ट्रोल

ग. प्रेशर अंडर कण्ट्रोल

घ. इनमे से कोई नहीं

29. बेहतरीन मील दूरी (mileage) पाने हेतु ड्राइविंग सुझाव है ?

क. इष्टतम टायर दबाव/ optimum tyre pressure

ख. खाली भार कम करना/ reduce unladen weight

ग. गाडी की नियमित सर्विसिंग/ regular servicing of vehicle

घ. उपरोक्त सभी

30. आपके वाहन से घटित दुर्घटना में लोगो को चोट लगने पर आपको क्या करना चाहिए ?

क. पहले नजदीकी थाने में सूचना दें और फिर लोगो को अस्पताल ले जाएँ

ख. पहले घायल लोगों को अस्पताल ले जाएँ और फिर थाने में सूचना दें

ग. एम्बुलेंस को सूचना देकर अपनी यात्रा जारी रखें

घ. 100 नम्बर पर पुलिस को सूचना देकर अपनी यात्रा जारी रखें

31. कंप्यूटर सिस्टम को नियंत्रित करने वाले प्रोग्राम का नाम क्या है ?

क. की बोर्ड

ख. हार्डवेयर

ग. सॉफ्टवेयर

घ. माउस

32. चन्द्र ग्रहण होता है, जब ?

क. सूर्य पृथ्वी एवं चन्द्रमा के मध्य आ जाता है

ख. पृथ्वी सूर्य एवं चंद्रमा के मध्य आ जाता है

ग. चंद्रमा सूर्य एवं पृथ्वी के मध्य आ जाता है

घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

33. हिंदी शब्द "सक्रीय" का छत्तीसगढ़ी अनुवाद है ?

क. जुझारू

ख. पठोइया

ग. पिछलग्गू

घ. बुधारू

34. निम्न में से कौन से कार्य वाहनो में एडास (ADAS) प्रणाली से संबंधित है ?

क. लेन डिपार्चर वार्निंग

ख. आटोमेटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम

ग. एडेप्टिव क्रुज कण्ट्रोल

घ. उपरोक्त सभी

35. छत्तीसगढ़ राज्य में वरिष्ठ श्रेणी के खिलाडी जिन्होंने खेल के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्हें कौन सा पुरस्कार दिया जाता है ?

क. शहीद पंकज विक्रम सम्मान

ख. शहीद कौशल यादव सम्मान

ग. शहीद राजीव पाण्डेय सम्मान

घ. शहीद गुण्डाधुर सम्मान

36. "सब लोग जा रहे हैं" का छत्तीसगढ़ी रूप क्या होगा ?

क. मैं जात हो

ख. हमन जात हन

ग. सब झन जात हे

घ. वो मन जात है

37. छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक कौन होते है ?

क. माननीय मुख्य न्यायाधीपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय

ख. माननीय वरिष्ठ न्यायाधीपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय

ग. माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

घ. माननीय विधि मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

38. छत्तीसगढ़ राज्य में वाहन के पंजीयन सीरीज के नंबर प्लेट को उनके समक्ष दर्शित विकल्प से सही मिलान करे ?

1. CG 01	(i) छत्तीसगढ़ पुलिस
2. CG 03	(ii) छत्तीसगढ़ शासन
3. CG 02	(iii) छत्तीसगढ़ राजभवन
4. CG 04	(iv) जिला रायपुर छत्तीसगढ़

क. 1 एवं (iv), 2 एवं (i), 3 एवं (iii), 4 एवं (ii)

ख. 1 एवं (iii), 2 एवं (i), 3 एवं (ii), 4 एवं (iv)

ग. 1 एवं (iii), 2 एवं (ii), 3 एवं (i), 4 एवं (iv)

घ. 1 एवं (ii), 2 एवं (iii), 3 एवं (i), 4 एवं (iv)

39. ABS (एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) का उद्देश्य क्या है ?

क. वाहन की इंधन दक्षता को बढ़ाना

ख. वाहन त्वरण को बढ़ाना

ग. टायर की गति को कम करना

घ. कठिन ब्रेक लगाते समय वाहन को फिसलन से रोकना

40. चित्रकोट जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?

क. गोदावरी

ख. महानदी

ग. इन्द्रावती

घ. नर्मदा

41. छत्तीसगढ़ का राज्य स्थापना दिवस कब मनाया जाता है ?

क. 1 जनवरी

ख. 1 अप्रैल

ग. 1 नवम्बर

घ. 3 नवम्बर

42. छत्तीसगढ़ का राज्य का राजकीय पक्षी है ?

क. गौरैया

ख. पहाड़ी मैना

ग. मैना

घ. कोयल

43. भारत ने कितने क्रिकेट विश्वकप जीते है ?

क. एक

ख. दो

ग. तीन

घ. चार

44. निम्न में से कौन छत्तीसगढ़ की जनजाति है ?

क. गोंड

ख. हल्बा

ग. उरांव

घ. उपरोक्त सभी

45. रायपुर विशाखापत्तनम इकनोमिक कॉरिडोर निम्न में से किन जिलों से नहीं गुजरती है ?

क. रायपुर

ख. धमतरी

ग. कोंडागांव

घ. महासमुंद

46. मियाद मुक्त बीमा के साथ वाहन चलाने की स्थिति में ?

क. आपको सावधानी पूर्वक वाहन चलाना होगा ताकि कोई दुर्घटना न हो और थर्ड पार्टी को कोई नुकसान न हो

ख. वाहन बिलकुल नहीं चलाना चाहिए

ग. यदि वाहन चालक का व्यक्तिगत बीमा है तो वह वाहन चला सकता है

घ. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

47. कोविड 19 सर्वप्रथम कहाँ पाया गया था ?

क. वुहान

ख. बीजिंग

ग. शंघाई

घ. हांगकांग

48. .... शून्य उत्सर्जन गाडी है ?

क. साइकिल

ख. बस

ग. पेट्रोल कार

घ. ट्रेक्टर

49. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अन्य बेंच किस स्थान पर स्थित है ?

क. रायपुर

ख. दुर्ग

ग. जगदलपुर

घ. इनमे से कोई नहीं

50. मुंद्रा पोर्ट (बंदरगाह) स्थित है ?

क. हिन्द महासागर में

ख. अरब सागर में

ग. बंगाल की खाड़ी में

घ. प्रशांत महासागर

SPACE FOR ROUGH WORK